दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 182 मुरादाबाद 30 October 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## उत्तर प्रदेश में साइबर क्राइम पर कसेगा और शिकंजा, नशे के कारोबार पर भी लगेगा अंकुश



उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार नए प्रयोग तथा उपाय करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब साइबर क्राइम के खिलाफ प्रदेश में अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में नशे के कारोबार पर भी सख्ती करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि हर हालत में साइबर क्राइम पर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए हर जिले में साइबर थाना खोलने के साथ ही उसके संचालन पर भी नजर रखी जाए।

### हर जिले में साइबर थाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में साइबर थाना खुलने से इस अपराध से जुड़े मामले एक ही जगह पर दर्ज होंगे। एक जगह केस दर्ज होने से इसकी पड़ताल भी आसान होगी और पैरवी भी काफी प्रभावी होगी। इसी कारण अब हर जिले में साइबर थाना खोलकर साइबर क्राइम पर लगाम लगाने की मुहिम शुरू की गई है। ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके साथ ही कहा कि प्रदेश में ड्रग के अवैध कारोबार पर भी शिकंजा कसने की जरूरत है। अब तो इसके खिलाफ अभियान को काफी तेज करना होगा।

### IIT कानपुर के टूल सिस्टम से लगेगी साइबर क्राइम पर लगाम

उत्तर प्रदेश सरकार साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए जिस टूल का प्रयोग करेगी, उसको आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने बनाया है। प्रदेश में बढ़ रहे साइबर अपराध रोकने के लिए आइआइटी के वैज्ञानिकों ने डीजीपी समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष इस टूल सिस्टम का डेमो भी प्रदर्शित किया था। प्रोजेक्ट की अगुवाई कर रहे वैज्ञानिक प्रो. संदीप शुक्ला ने बताया कि इस सिस्टम का वर्जन तैयार है। इस तकनीक से साइबर क्राइम पर नियंत्रण लगाने वाली उत्तर प्रदेश किसी राज्य का पहला पुलिस बल होगा। प्रो. संदीप के मुताबिक टूल सिस्टम के माध्यम से मैसेज, फोन कॉल, ईमेल तथा ऑफर आदि से होने वाले साइबर अपराध का खुलासा कर अपराधियों तक पुलिस पहुंच सकेगी।

## नकली प्लेटलेट्स चढ़ाने से जीजा की मौत, इंसाफ मांगने पहुंचे साले ने सीएमओ में की आत्मदाह की कोशिश



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सीएमओ कार्यालय में एक युवक सौरभ त्रिपाठी ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। युवक की इस हरकत से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी तरह सौरभ को रोका। जानकारी के मुताबिक सौरभ के जीजा प्रदीप पांडेय का पिछले दिनों झलवा के ग्लोबल अस्पताल में उपचार चल रहा था। 12 अक्तूबर को डेंगू पीड़ित प्रदीप को यहां भर्ती कराया गया। प्रदीप की प्लेटलेट्स लगभग काफी कम आ गई थी। इसी बीच अस्पताल स्टाफ ने उसे प्लेटलेट्स लाने का ऑफर दिया। सौरभ से 25 हजार लिए और पांच यूनिट प्लेटलेट्स दी। चार यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ने के बाद प्रदीप की हालत खराब हो गई। इस पर ग्लोबल अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे दूसरी जगह रेफर किया। जहां 19 अक्तूबर को प्रदीप की मौत हो गई। प्रदीप की मौत के बाद जब मामला प्रकाश में आया तो जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी। जांच समिति ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पाई। साथ ही प्लेटलेट्स को खराब पाया। प्रदीप को बिना जांच कई एंटीबायोटिक देने का मामला भी सामने आया। जिसके बाद अस्पताल का पंजीकरण हमेशा के लिए निरस्त कर दिया गया, लेकिन अब तक ग्लोबल अस्पताल के संचालक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। प्रदीप की पत्नी वैष्णवी ने आरोप लगाया कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जान बूझकर अस्पताल संचालक की गिरफ्तारी नहीं करा रहा है। सीएमओ से बातचीत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रदीप के साले सौरभ त्रिपाठी ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। धरने के कारण पुलिस बल और तमाम लोग मौजूद थे। सभी ने संयुक्त प्रयास से सौरभ को रोका। वहीं एक अन्य पीड़ित राजकुमार ने भी इसी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी पत्नी की मौत का भी आरोप लगाया है।

## नोटों पर सावरकर और मोदी की फ़ोटो लगाने की तैयारी कर रही BJP', AAP का हमला



आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा नोटों पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर छापने की मांग ने नई सियासी बहस छेड़ दी है। इस सियासी संग्राम में अब भाजपा की भी एंट्री हो गई है। भाजपा नेता राम कदम ने नोटों पर प्रधानमंत्री मोदी और वीर सावरकर सहित चार सख्सियतों की फोटो छापने का आग्रह किया है। वहीं, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक खबर को शेयर करते हुए ट्वीट किया, देखिये सच समान आ गया, जब मैंने कहा तो मीडिया ने यकीन नहीं किया। BJP नोटों पर सावरकर और मोदी की फोटो लगाने की तैयारी कर रही है। इसीलिए भगवान गणेश-लक्ष्मी की फ़ोटो का विरोध कर रही है। नोट पॉलिटिक्स में कूदे महाराष्ट्र के भाजपा नेता राम कदम ने गुरुवार को फोटोशॉप कर बनाए गए 500 रुपये के नोटों पर 4 फोटो ट्वीट किए थे। इनमें शिवाजी, भीमराव अंबेडकर, वीर सावकर या प्रधानमंत्री मोदी के फोटो लगाए हैं। इस ट्वीट में कदम ने लिखा, अखंड भारत.. नया भारत.. महान भारत.. जय श्रीराम .. जय मातादी ! वहीं, अपने अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, निरंतर पराकाष्ठा हम कैसे नकार सकते हैं ..न केवल देश बल्की सारा विश्व सहत्र युगों तथा मनमन्वंतर तक मोदी जी के भारत को महान बनाने के प्रयासों को याद करेगा। शिवाजीमहाराज.. डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, वीर सावरकर उनकी तस्वीर देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देगी, इस बात को कोई नकार नहीं सकता.. वे हम सभी के लिए वंदनीय हैं। हमारे देश को विश्व गौरव दिलाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का महान त्याग, समर्पण परिश्रम की ओछी राजनीति से प्रेरित कुछ नेताओं ने देवी-देवताओं की तस्वीर नोट पर होनी चाहिए यह मांग चुनावों को देखकर की.. किंतु वे दिल की ईमानदारी से बात करते तो देश उसे स्वीकार करता.. पर उनका अतीत बताता है कि उन्हें केवल चुनावों में हमारे देवी-देवता याद आते हैं।

### नोटों पर हो गणेश एवं लक्ष्मी की तस्वीर - केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 130 करोड़ भारतीय नोटों पर भगवान गणेश एवं देवी लक्ष्मी की तस्वीर चाहते हैं। आप के नेता ने कहा कि कठिन परिश्रम को सफलता में बदलने के लिए ईश्वर का आशीर्वाद जरूरी है। केजरीवाल ने कहा कि यदि नोट पर गणेश एवं लक्ष्मी की तस्वीर होगी तो देश प्रगति करेगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि केवल उनके चित्र छाप देने से देश प्रगति करेगा, हम कठिन परिश्रम भी करेंगे। देश के लोग कड़ी मेहनत करेंगे। हम सही नीतियां बनाएंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन आप कितनी भी मेहनत क्यों न कर लें, जब तक ईश्वर का आशीर्वाद नहीं मिलता है, तब तक कड़ी मेहनत भी सफल नहीं होती है। यही वजह है कि मैंने कहा हैं कि नोटों पर गणेश एवं लक्ष्मी की तस्वीर होनी चाहिए।

### केजरीवाल ने की मांग से छिड़ा विवाद

केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर करेंसी नोटों पर भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी के चित्र छापने की मांग की है। केजरीवाल की इस मांग ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत खराब होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि देश को अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हमारे देवी और देवताओं के आशीर्वाद के साथ ही काफी प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जवानों को फिट रहने के बतायें गुण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक लाइन को निर्देशित किया व अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। यूपी 112 के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा कमियों को दूर करने हेतु प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया, तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही वाहन में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने, यूपी 112 की गाड़ियों/टैबलेट व अन्य उपकरणों के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय,शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि का निरीक्षण किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला भोजनालय पहुंचकर भोजन बना रहे कर्मचारियों से कुशल क्षेम जाना तथा भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया। सभी को मानक के अनुसार पौष्टिक भोजन बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरो को चेक किया गया तथा गार्द/सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहें।

# बुरी नीयत से दवोच कर की युवती के साथ अश्लील हरकत विरोध करने पर मारपीट

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा बुरी नीयत से दवोच कर अश्लील हरकतें करने व विरोध पर मारपीट करने का मामला जानकारी में आया है। पीड़िता द्वारा थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा है। कि बीते सोमवार को वह और उसकी भाभी घर पर अकेली थी। परिजन बीमार भाई के पास अलीगढ़ अस्पताल में थे। सुबह के समय करीब 4.35 वह अपने पशुओं को घर के बाहर चारा डाल रही थी। इसी दौरान उसे अकेला देख पड़ोस का ही युवक आ गया और पीछे से उसके ऊपर कपड़ा डालकर अपने घर की ओर खींच कर ले गया और वहां ले जाकर उसके साथ आरोपित ने अश्लील हरकतें कीं, विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट की वह उसकती चुंगल से किसी तरह छूट कर घर पहुंची और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने आरोपित के घर जाकर जब उसके पिता से शिकायत की तो वह आक्रोशित हो गए और आरोपियों ने मेरे एवं पिता के साथ मारपीट करते हुए गंदी गंदी गालियां दीं। मामले के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम वकील सिंह ने बताया है पीड़िता की तहरीर पर आरोपित मुबीन उर्फ छोटे उर्फ सुस्तफा उर्फ पूसा, यामीन उर्फ लुका, शाहरुख पुत्रगढ़ बन्ने खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई ,आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है, जिनका शत-शत अनुपालन सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिए है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है, तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। कर्मचारियों के लापरवाही की कोई शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही जनसुनवाई व आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाईन की वह स्वयं समीक्षा करेंगी। यदि जनसुनवाई में अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण नही होता है, तो सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में संयुक्त जिलाचिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस दौरान जिला चिकित्सालय भिनगा से आए डॉ संजय मिश्रा मय स्टाफ द्वारा 40 से अधिक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें थर्मल स्क्रीनिंग के साथ-साथ ब्लड प्रेशर की जांच की गई।डॉ संजय मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए सभी कर्मियों को उचित सलाह दी गई तथा कुछ कर्मियों की अन्य जांचों के लिए संयुक्त चिकित्सालय के पैथोलॉजी भेजा गया।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीष सोनी, कांस्टेबल रवि जायसवाल, कांस्टेबल वेदानंद मिश्रा, का0 संदीप मिश्रा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# सड़क निर्माण को लेकर कौड़ियागंज के लोगों में आक्रोश

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - कस्बा कौड़ियागंज के मुख्य बाजार में नगर पंचायत की ओर से बनवाई जा रही सड़क को लेकर लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपावली से पूर्व भी कस्बा के व्यापारियों ने सड़क निर्माण को लेकर हंगामा करते हुये बाजार बंद कर प्रदर्शन किया था व्यापारियों का कहना था कि दीपावली का त्योहार नजदीक है ऐसे में सड़क पर गिट्टी डलवाई गई है दूरदराज के गांवों से आने वाले ग्राहक कस्बा में नहीं आरहे हैं जिससे दुकानदारी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हंगामे व बाजार बंद की सूचना पर एसडीएम कोल व चेयरमैन इरफान खां पहलवान ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह व्यापारियों समझाबुझाकर शांत करते हुये दीपावली के बाद सड़क बनवाने को भरोसा देकर बाजार खुलवाया था। शनिवार को जब सड़क पर ठेकेदार ने काम शुरु कराया तो कस्बे के कुछ लोगों ने यह कहते हुये काम रुकवा दिया कि धुंआ हो रहा है जिससे दुकानदारों को परेशानी हो रही है। वहीं कुछ लोगों ने नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाये। चेयरमैन इरफान खां पहलवान व ईओ रजनीश शर्मा ने कहा है कि नवनिर्मित सड़क को पूर्ण गुणवत्ता व मानक के अनुसार बनवाया जायेगा।

# डेंगू जैसी भयंकर बीमारी फैल रही है नगर आयुक्त अतिशीघ्र धनीपुर के दोनों सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराएं- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि धनीपुर जूनियर हाई स्कूल प्राइमरी पाठशाला इन दोनों स्कूलों में सफाई व्यवस्था बहुत खराब है यहां की दोनों प्रधानाध्यापिका नगर निगम को लिखकर सफाई कर्मचारी मांगे थे लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि डेंगू का प्रकोप जोरों पर है छोटे-छोटे बच्चे स्कूलों में पढ़ने के लिए आते हैं सफाई व्यवस्था है नहीं स्कूल में गंदगी रहती है नगर निगम की लापरवाही के कारण यहां पर अभी तक कोई सफाई कर्मचारी नियुक्त नहीं किया गया है इन दोनों स्कूलों में अलग-अलग सफाई कर्मचारी नियुक्त होने नगर निगम को तत्काल उपलब्ध कराने चाहिए यह बहुत बड़ी लापरवाही का प्रमाण है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि अगर इन दोनों सरकारी स्कूलों के सफाई व्यवस्था नहीं होगी तो पढ़ने वाले बच्चों डेंगू जैसी भयंकर बीमारी फैलने लगेगी इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम के बड़े अधिकारी नगर आयुक्त आग्रह किया है धनीपुर के इन दोनों सरकारी स्कूलों में अलग-अलग सफाई कर्मचारी तत्काल उपलब्ध करा दें जिससे कि पढ़ने वाले बच्चों को डेंगू जैसी भयंकर बीमारी से बचाया जा सके

# सीएमओ अभियान चलाकर अधिक से अधिक परिवारों को गोल्डन कार्ड से आच्छादन करें-कमिश्नर

## धान खरीद में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश



मुरादाबाद -माननीय मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम व अन्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आहूत की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों में जनता का आना जाना रहता है वहां शौचालय, शुद्ध पेयजल एवं बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये। आयुक्त ने कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु पोर्टल बनाया जाये तथा मण्डल की बेबसाइट द्वारा एतिहासिक, पर्यटन एवं कृषि योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध करायी जाये। आयुक्त ने मण्डलीय अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर फील्ड में देखें तथा सभी अधिकारी टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण कर विकास कार्यों की सतत् मानीटरिंग एवं सुपरविजन करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि संपर्क मार्गो पर गड्ढे भरने का कार्य तत्काल किया जाये तथा जो संपर्क मार्ग मरम्मत योग हैं उन पर विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य प्रारम्भ किया जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में पाया गया कि गोल्डन कार्ड का कार्य संतोषजनक नही है जिसके क्रम में समस्त जिलाधिकारियों एवं सीडीओ से अपेक्षा की गयी कि विशेष अभियान चलाकर पात्र लोगों को कार्ड उपलब्ध कराया जाये तथा साथ ही हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टरों को क्रियाशील किया जाये तथा वहां पर सीएचओ नियमित रुप से बैठे तथा उनके पास दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में पाया गया कि आशाओं का भुगतान धराशि उपलब्ध होने के पश्चात् भी जिलों द्वारा नही किया गया है जिस पर आयुक्त द्वारा एक सप्ताह का समय देते हुए निर्देशित किया गया कि यदि भुगतान लम्बित रहता है तो इसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध बेहिचक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कमिश्नर द्वारा पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि समस्त सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखा जाये तथा चेतावनी दी कि सामुदायिक शौचालय बंद पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त ने पंचायत भवनों को क्रियाशील रखते हुए उनमें लाईब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अमृत सरोवरों के लम्बित कार्यो को पूर्ण करने के निर्देशों के अनुपालन के कडे निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में यह पाया गया कि वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के क्रमशः 19 एवं 62 ऐसे लाभार्थी हैं जिन्हें दूसरी किश्त दे दी गयी है, परन्तु तीसरी किश्त जारी नही की गयी है, जिस पर आयुक्त द्वारा समस्त डीएम एवं सीडीओ को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी लाभार्थियों का सत्यापन करा लिया जाये तथा 15 दिवस के अन्दर वस्तुस्थिति से अवगत कराकर अपेक्षित किश्त जारी की जाये ताकि अधूरे आवासों का निर्माण पूर्ण हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में यह निर्देश दिये गये कि पात्र लाभार्थियों से अवैध वसूली के प्रकरण प्रकाश में आने पर विधिक कार्यवाही की जाये।बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिये कि धान क्रय हेतु सेक्टर प्रणाली को लागू किया जाये जिससे बिचैलियों को समाप्त किया जा सके तथा धान खरीद में अपेक्षित गतिशीलता सुनिश्चित हो सके। उप श्रमायुक्त से अपेक्षा की गयी कि पात्र लाभार्थियों को तत्काल अनुमन्य सुविधाओं का लाभ दिया जाये तथा श्रमिकों के कार्डो का पुनः नवीनीकरण 15 दिनों में अभियान चलाकर किया जाये। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी मुरादाबाद की कार्यप्रणाली पर आयुक्त द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा उनके कार्यो की जांच के आदेश दिए गये।

मण्डलायुक्त ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन की प्रगति असंतोषजनक होने पर एक सप्ताह के अन्दर सभी जनपदों में कार्यरत मैनपॉवर का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल योजनाओं के कारण क्षतिग्रस्त मार्गो को पुनः बनाये जाने तक कार्यदायीं संस्थाओं को भुगतान न किया जाये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता जल निगम को बैठक में ठीक आंकडे प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने ग्रामीण पेयजल मिशन में प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए तथा एन0आर0एल0एम0 में सम्भल एवं रामपुर की प्रगति खराब होने पर कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अर्न्तगत आयुक्त ने अधिकारियों को धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये और कहा कि मण्डलीय अधिकारियों को एरिया बाटकर धान खरीद हेतु नोडल अधिकारी बनाया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि मोटा धान बाहर न जाये। कहा कि एमओआईसी उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। चिकित्सकों की उपलब्धता में कमी होने पर आयुक्त ने कहा कि संविदा आधारित चिकित्सकों की नियुक्ति करके चिकित्सकों की पूर्ति की जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश दिये कि झोलाछाप एवं अवैध चिकित्सकों के खिलाफ कडी कार्यवाही करें तथा एफआईआर भी दर्ज करायें। लोगों की जिदंगी के साथ खिलबाड को सहन नही किया जायेगा। परिवार गोल्डन कार्ड में जनपद रामपुर एवं मुरादाबाद की प्रगति खराब होने पर आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारियों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत आंकड़े विरोधाभाषी होने पर आंकड़ों को दुरस्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्देश दिये कि मण्डल के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता बनी रहें इसको सुनिश्चित किया जाये। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद अमरोहा एवं टीकाकरण में जनपद सम्भल की प्रगति खराब होने पर आयुक्त ने प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए और कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अर्न्तगत आशा का नियमित भुगतान करते रहें। स्वास्थ्य विभाग के अधूरे निर्माण कार्यो की प्रगति में अमरोहा में प्रगति असंतोषजनक होने पर आयुक्त ने प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जन्म रजिस्टेश्रन में रामपुर की प्रगति खराब होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक यदि कोई डेटा मांगता है तो उसे उपलब्ध कराना होगा क्योंकि वह ग्राम स्तर का डाटा अपने पास रखता है इसलिए मण्डलीय अधिकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा दें। मण्डल की राशन दुकानों में बहाली मामले में प्रदेश में खराब स्थिति होने पर आयुक्त ने जिलाधिकारियों को नियमित मानीटरिंग कर दुकानों का समय से आवंटन कराने के निर्देश दिये। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाये तथा स्कूलों में अध्यापकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। आयुक्त ने ऑपरेशन कायाकल्प में खराब प्रगति पर रेन्डम सर्वे कराने के निर्देश दिये है।

मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण का ग्राफ गिरने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता निचले स्तर पर बनाये रखें। जननी सुरक्षा योजना में मुरादाबाद द्वारा अन्य जनपदों से कम भुगतान करने पर तथा संस्थागत प्रसव में भी स्थिति खराब होने पर आयुक्त ने ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। गोल्डन कार्ड में मुरादाबाद, बिजनौर एवं रामपुर को तेजी लाने के निर्देश दिए। मण्डल के जर्जर आंगनवाडी केन्द्र एवं विद्यालयों में आरईएस द्वारा कार्य बहुत धीमी प्रगति से करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निराश्रित गौवंश संरक्षण में मुख्य विकास अधिकारियों को भी गौशालाओं की निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी सामूहिक प्रयास करें तथा गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें ठीक रखें। पशु टीकाकरण में शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाये। सहभागिता योजना में मण्डल में मुरादाबाद पीछे रहने पर आयुक्त ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी रामपुर श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़, जिलाधिकारी बिजनौर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी सम्भल मनीश बंसल, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव, संयुक्त विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ मुरादाबाद सुमित यादव सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं ए0डी0 हेल्थ, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, उप निदेशक समाज कल्याण, उप निदेशक पूर्ति, उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, उप निदेशक उद्यान, उप निदेशक प्रोबेशन, उप निदेशक पंचायतीराज, पशुपालन, सेतु, आईसीडीएस आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial


# Chhath message

After almost two years, the splendor of Chhath Mahaparv has returned like a boon. The whole society has suffered a long series of epidemics, where this great festival of sun worship started and spread in the world. There is no other such fast-festival of Surya worship, but why only Surya worship? Even if the Sun is a planet, its geographical, scientific utility is many times more than any other planet in the world. Sun is considered the source of health. Remember, it was believed that due to the grace of the sun in India, it is very hot, so the corona virus will not be able to wreak much havoc. The figures are witness and practically also the society of Purvanchal has never been more terrorized by Corona. Undoubtedly, the faith of this society rich in rivers and water bodies is incomparable. We see the culmination of this in the four-day festival of Chhath. With unparalleled reverence and faith, people of Purvanchal throng for Surya worship. Mainly wish for a healthy body and long life. Sun is the source of renewable energy from time immemorial and this energy is the basis of body-mind-wealth.But does the auspicious occasion of Chhath bring equal happiness to all? Can everyone participate in this great festival? Is everyone able to go to their homes and villages on this festival? For example, during Chhath Puja, the air fares for flights to Patna, Gaya, Darbhanga, Banaras have increased up to three times. Consider, the fare from Delhi to Patna became Rs 17,800 and from Delhi to Varanasi Rs 17,000. On the other hand, there is a claim that 84 special trains are being run on Chhath, there is no place in regular trains also. 165 additional coaches have been added to 56 regular trains to provide seats or berths. It is estimated that despite special arrangements, it will be possible to reach only three to four lakh people to Bihar. Is that enough? The population of Delhi alone is about two crore, so the number of people of Bihar alone should be more than fifty lakhs. Purvanchalis are more than sixty lakhs. o take them? Two times to three times the rent is a witness that many people will not be able to go from house to village. This great festival is very huge, but our governments do not have enough planning or concern for this. How will those performing Chhath on the banks of the Ganges adopt the Yamuna, in which there is no water, but poison-like foam flows? This Mahaparv is also a time to think about the development of Bihar and Biharis. If the development of Purvanchal is not done, then it will remain a hamlet of cheap labor. Bihar is also necessary today and also the eyes of many people. There is nothing wrong with expecting better behavior here. Well, this is the new fare system in trains, the people of Purvanchal pay the highest price for it. In the case of air fares, the system of increasing fares according to the demand is old and now the railways has also adopted it more or less. The question arises, is this system right or just? In a welfare state like India, the governments should always be alert that no one's heart should be hurt or exploited when needed. One should learn from the Sun God, who never differentiates from anyone, gives equal energy to everyone.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Urfi Javed went semi nude, wore black top in only one hand, users asked- 'Adha kidhar gaya?'

Internet sensation Urfi Javed is once again in the headlines for his outfit. Urfi grabs headlines with her fashion sense and makes herself stylish in some DIY way. Not only users on social media, celebrities also troll him, but the impeccable urfi gives a befitting reply to all of them. On Saturday, Urfi posted a video. She is posing in a semi nude style. Urfi's bold style - Urfi is wearing a shimmery top in only one hand. With the other hand, he has kept the front cover. Urfi has given a befitting reply to actor Sudhanshu Pandey in the caption.



Sudhanshu Pandey had called Urfi's look frightening a few days ago. Although he did not write anyone's name, but seeing his caption, it is being considered as a reaction to Sudhanshu Pandey's comment. Urfi's befitting reply- Urfi writes, 'Till you become rich enough to buy Twitter, Instagram, Facebook, you guys will have to bear this horror of mine. Here's a lesson for you - you don't control the world. You are just a normal person who thinks that whatever a girl wears on her body is her business.' Users trolled - One user commented on Urfi's video, 'A sleeve of my dress is missing Is... if anyone finds it, tell it.' One said, 'What does he get by doing all this, someone tell me.' A user says, 'Where did half of it go?' Another wrote, 'Hey Iso has got even half of the sweater.'

# 'My father says Jai Modi-Yogi in the morning and evening', Kangana hints at contesting elections; Comment on Rahul too

Assembly elections are about to be held in Himachal Pradesh. There have been speculations about Bollywood actress Kangana Ranaut for some time that she can start her political innings. Kangana had also met the Chief Minister of the state Jai Ram Thakur some time back. Now Kangana Ranaut, who reached a channel's program, said that she is ready to enter politics to serve the people. While Kangana praised Prime Minister Modi in the conversation, he took a dig at Rahul Gandhi and Arvind Kejriwal. He said that there is no competition between Rahul Gandhi and Narendra Modi. They should not even be compared. On the other hand, taking a jibe at Arvind Kejriwal, Kangana says, the people of Himachal do not want free electricity. The people here make their own electricity.



Kangana ready to enter politics- Kangana said that a great man like PM Narendra Modi comes only once in history. On Saturday, Kangana reached the India Today program. On the question of joining politics, the actress said, 'Whatever the situation will be, the government wants my participation, I will do that and I am ready for my participation.' Kangana further says, 'As I said it would be great if People of Himachal Pradesh give me a chance to serve. Surely it will be a matter of luck. there was a sudden transformation in my family. My father told me about Modi ji for the first time and in 2014 we officially converted to BJP.' Kangana says, 'Now my father used to say Jai Modi ji in the morning and Jai Yogi ji while sleeping in the evening. Huh. He has completely converted to BJP. "The world is accepting us as Vishwaguru" - In praise of Narendra Modi, Kangana said, "He is very approachable. They talk about farmers, they talk about business. He connects with every human being and everyone feels it. You ask anyone, he will say that Modi ji belongs to me. The most beautiful thing about a leader. He transformed Gujarat. The whole world is considering us as Vishwaguru. The way covid times were handled. This list can never end. are revered for us.'

# 17 केन्द्रो पर अब तक धान खरीद का खाता भी नहीं खुला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शासन द्वारा जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में बनाए गए 18 क्रय केंद्र में से 17 पर अब तक धान खरीद का खाता भी नहीं खुला है। जैथरा को छोड़कर अन्य सातों ब्लॉक में मक्का और बाजरा की खरीद को बनाए गए सात-सात केंद्र में से एक भी केंद्र पर मक्का-बाजरा की खरीद भी नहीं हो सकी है। शुक्रवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि जिले के आठों ब्लॉक में बनाए गए 18 क्रय केंद्र में से मंडी समिति स्थित एक आरएफसी केंद्र पर 36 कुंतल धान की खरीद हो सकी है। किसी भी केंद्र पर 28 दिन बीत जाने के बाद



भी धान खरीद का खाता नहीं खुल सका है। सभी क्रय केंद्रों पर 500 से अधिक किसानों ने मोटा धान बेचने के लिए पंजीकरण कराए है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में धान खरीद का अब तक शासन से कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। धान की खरीद 31 जनवरी तक की जाएगी। मक्का का रेट क्रय केंद्र से अधिक मंडी में- शुक्रवार को जिला खाद विपणन अधिकारी ने बताया कि किसानों का बाजरा एवं मक्का खरीदने के लिए जैथरा को छोड़ अन्य सातों ब्लॉक में सात-सात क्रय केंद्र बनाए गए हैं। क्रय केंद्रों पर बाजरा 2350 रुपये कुंतल की दर से खरीदा जा रहा है। मक्का 1962 रुपये कुंतल खरीदी जा रही है। उसके बाद भी किसी भी क्रय केंद्र पर मक्का एवं बाजरा खरीद का खाता नहीं खुला है। उन्होंने बताया कि क्रय केंद्रों पर मक्का और बाजरा की खरीद 15 दिसंबर तक की जाएगी। सभी केंद्रों पर 3300 एमटी बाजरा खरीदा जाएगा। उसके बाद बाजरा की खरीद बंद कर दी जाएगी। उन्होनें यह भी बताया कि मंडी में

# लोहता की एण्टीरोमियो टीम ने लड़कियों के साथ अश्लील टिप्पणी व छींटाकशी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में एन्टी रोमियो/महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा शोहदो/मनचलों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान आज लोहता पुलिस द्वारा ग्राम हरपालपुर में महिलाओं के साथ अश्लील व छींटाकशी करने वाले अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी ऊँचगाँव थाना लोहता वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के संबंध में थाना लोहता पुलिस मु0अ0सं0 0330/2022 धारा 294 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

# डीएपी लेने वाले किसानों की सुबह से शाम तक लाइनें लगी रहती हैं,लेकिन नहीं मिलती खाद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - दीपावली का अवकाश खत्म होने के बाद सहकारी समितियों पर डीएपी लेने वाले किसानों की सुबह से शाम तक लाइनें लगी रहती हैं। भीड़ अधिक होने के कारण किसानों के बीच खाद के लिए मारामारी बनी हुई है। संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों की इस समस्या पर लापरवाह बने हुए हैं। शुक्रवार को नवीन खाद्यान्न मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर सुबह पांच बजे से ही डीएपी लेने के लिए पुरुषों के साथ सैकड़ों महिला किसानों की लाइनें लगना शुरू हो गईं। खाद केंद्र खुलने के समय दस बजे तक केंद्रों पर 500 से अधिक किसानों की लाइनें लग चुकी थीं। केंद्र प्रभारी ने किसानों के आधार कार्ड एवं जमीन के कागज को जमा किया। उसके बाद खाद वितरण शुरू किया गया। वितरण कार्य के दौरान केंद्र प्रभारी पहले उन किसानों को ही खाद देते रहे जो उनके परचित थे। बाकी सुबह से लाइन लगाकर खड़े किसानों को घंटों तक डीएपी नहीं दी गई। सुबह से शाम तक लाइन में लगे बुजुर्ग एवं महिला किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटों लाइन में लगे किसान थक-हार कर लाइन वाले स्थान पर ही बैठ गए। केंद्र पर किसानों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं मिली। इतनी परेशानी उठाने के बाद भी शाम तक दर्जनों किसानों का डीएपी के लिए नंबर नहीं आया। शाम को पांच बजते ही केंद्र प्रभारी ने शेष बचे किसानों को कल आने की बात कहकर बगैर खाद दिए ही लौटा दिया। सहकारी खाद भंडार पर नहीं मिली खाद शुक्रवार को गल्ला मंडी स्थित सहकारी खाद भंडार पर डीएपी खत्म होने से किसान आकर लौटते रहे। सुबह पांच से दस बजे तक लाइन लगाकर खड़े किसानों को जब पता चला कि केंद्र



पर खाद नहीं है तो उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। खाद केंद्र पर सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे लाइन में खड़े रहे। उसके बाद भी डीएपी नहीं मिल सकी। खाद विक्रेता ने कह दिया कल आना। रोज लाइन में लगने के लिए हम बुजुर्गों के शरीर में दम नहीं है।- गीता, गांव बहलोलपुर एटा

सुबह पांच बजे से खाद लेने के लिए केंद्र पर खड़े रहे। दिनभर लाइन में खड़े होने के बाद भी केंद्र प्रभारी बाद में आने वाले अपने परचितों को खाद देते रहे। घंटों बाद भी लाइन बिल्कुल आगे नहीं बढ़ी। अब कह दिया खाद कल मिलेगी।-कंठश्री, गांव नगला धारा एटा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता,सेल्फ डिफेंस है महिलाओं के सुरक्षित जीवन की प्रथम सीढ़ी- मीतू

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- चौबेपुर थाना में कार्यरत महिला उप निरीक्षक मीतू श्रीवास्तव ने छात्राओं को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं व बालिकाओं के लिये मिशन शक्ति अभियान के तहत भारतीय दण्ड संहिता में आत्मरक्षा का अधिकार विषयक पर जानकारियों से रूबरू कराया।उन्होंने कहा कि अपने जीवन प्रगति और उन्नति के लिए करने प्रत्येक नागरिक को शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। वर्तमान में अगर हमारी बेटियां महिलाएं आत्मरक्षा की कला में निपुण होती हैं तो यह उनके सुरक्षित जीवन की ना केवल शुरुआत है बल्कि एक संपूर्ण सामाजिक जीवन का सुदृढ आधार होगा।शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को पाने के लिए महत्वपूर्ण संसाधन है, संकल्प,संयम और साहस। शारीरिक मानसिक और भावनात्मक संतुलन को बनाए रखने में आत्म सुरक्षा की भावना किहम हमारी सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम और समर्थ हैं और अपने अपनों को भी सुरक्षित रख सकते हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर दूसरों की भी सहायता कर सकते हैं , अपने लक्ष्य संधान में बड़े कदमों को और भी ताकत देते हैं।इसी संदर्भ में आत्म सुरक्षा से संबंधित संवैधानिक एवं विधिक पहलुओं को भी स्पष्ट किया गया पोक्सो अधिनियम ,राइट टू प्राइवेसी cyber crime mission Shakti संबंध में जानकारी दी गई।इस दौरान बालिकाओं को Aikido (जापानी) ऊर्जा का सामंजस्य स्थापित करने का तरीका, मार्शल आर्ट और आत्म-रक्षा प्रणाली के बाबत प्रशिक्षित किया गया। जो प्रतिद्वंद्वी के हमले में महारत हासिल करने के लिए पूर्ण मानसिक शांत और अपने शरीर के नियंत्रण को प्राप्त करने के महत्व पर जोर देता है।

# 7 नफर वारण्टियो को जमालपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जाने वाले अभियान के दौरान जमालपुर पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमो से सम्बन्धित कुल 07 नफर वारण्टियो को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि



चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय से विभिन्न मुकदमों से सम्बन्धित 07 नफर वारण्टी अभियुक्तगण- 1-दिगम्बर पुत्र बचाऊ राम नि0 घरवाह थाना जमालपुर,मीरजापुर 2-नरसिंह पुत्र स्व0 किशोर वियार नि0 जफरपुरा थाना जमालपुर,मीरजापुर 3-बिहारी पुत्र रामजीत नि0 सहेवाँ थाना जमालपुर,मीरजापुर 4-पिन्टू उर्फ बरई पुत्र कैलाश प्रसाद नि0 देवरिया थाना जमालपुर,मीरजापुर 5-दिनेश वियार पुत्र गंगाराम नि0 घरवाह थाना जमालपुर,मीरजापुर 6-श्याम कुमार सिंह उर्फ बोर्डर पुत्र स्व0 बब्बन सिंह नि0 गौरी थाना जमालपुर,मीरजापुर 7-लालजी पुत्र मुन्नीलाल निवासी पसही थाना जमालपुर जनपद मिर्जापुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय में पेशी हेतु रवाना किया गया।

## रेड़ नदी छठ घाट का पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने लिया जायजा, घाटों पर पुलिस अधिकारी व जवानों की रहेगी कड़ी चौकसी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने शनिवार 29 अक्टूबर को सूरजपुर स्थित रेड़ नदी छठ घाट का जायजा लिया जहां घाट की सफाई सहित समुचित व्यवस्था को दुरूस्त करने की कवायत तेजी से जारी है जिसे देखकर पुलिस अधीक्षक संतुष्ट दिखे। उन्होंने छठ घाट पर लाइटिंग के साथ गोताखोर और मेडिकल टीम की तैनाती समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि जिले में जिन-जिन स्थानों पर छठ पर्व मनाया जाता है वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए है। छठ पूजा के दौरान पूरे जिले भर में विभिन्न घाटों पर भारी संख्या में अधिक पुलिस अधिकारी, पुलिस के जवान को तैनात किए जायेंगे। छठ घाट के अलावा शहर की भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए पुलिस की 2 पेट्रोलिंग टीमें लगातार मुस्तैद रहेगी। जिले के पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की सुबह शहर के सूरजपुर स्थित रेड़ नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेड़ नदी मुख्य छठ घाट पर उमड़ने वाली भीड़, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति द्वारा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारी की भी जानकारी ली और कई जरूरी निर्देश भी दिए। यातायात प्रभारी को वाहनों की पार्किंग के उचित इंतेजाम करने के निर्देश दिए। समिति की ओर से यहां व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए की जा रही तैयारी पर संतोष जताया। एसपी ने पुलिस प्रशासन की ओर से समिति को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान एसडीएम रवि सिंह, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, छठ पूजा समिति के संतोष सोनी, गणेश सोनी, राजेन्द्र गुप्ता, बसंत मिश्रा, अनिल गुप्ता, श्रवण जैन, पंकज चौबे सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## अनुपम कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के बाहर बने 35 दुकानों के मार्केट को कंडम घोषित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा - अनुपम कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के फ्रंट पर बने 35 दुकानों के मार्केट को तोड़ने के लिए नगर पालिका ने दुकानदारों को नोटिस दे दिए हैं। इसके कारण पुरानी दुकानों के किराएदार दुकान खोने के डर से काफी परेशान बने हुए है। किराएदार दुकानों को टूटने से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए हैं। नगर पालिका ने धारा 133 के तहत अनुपम कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के फ्रंट पर बने 35 दुकानों के मार्केट को तोड़ने के लिए दुकान किराएदारों को नोटिस दे दिए है। पालिका अधिकारी पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से जल्द ही इस कार्रवाई को पूर्ण किए जाने की बात कर रहे है। पुरानी दुकानों के किराएदार अनुपम कॉम्प्लेक्स के अंदर दुकानें लेने से आनकानी कर रहे हैं। फ्रंट की दुकानों के किराएदारों को कॉम्प्लेक्स के भूतल में दुकानें दी जा रही है।

यह दुकानें जीटी रोड से चार फीट तक नीची है। वहीं बारिश के दिनों में कॉम्प्लेक्स के भूतल में जलभराव होने के कारण बाहर बने मार्केट के पुराने किराएदार कॉम्प्लेक्स के अंदर दुकान लेना नहीं चाह रहे है।35 दुकानों के मार्केट को कंडम घोषित कर रिपोर्ट भी दी- एटा। नगर पालिका कर अधीक्षक मुन्ना लाल के अनुसार पीडब्लूडी ने अनुपम कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के बाहर बने 35 दुकानों के मार्केट को कंडम घोषित कर उसकी रिपोर्ट भी दे दी है। जब तक पुरानी दुकानों को कॉम्प्लेक्स के फ्रंट से नहीं हटाया जाएगा। तब तक कॉम्प्लेक्स की प्रगति रुकी रहेगी। उन्हें कॉम्प्लेक्स के अंदर फ्रंट की दुकानें ही आवंटित की जाएगी। इसमें दुकानदारों को परेशानी क्या है। सभी दुकानदारों को धारा 133 के तहत नोटिस दिए गए है। दुकानदारों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## शहीदों के सम्मान के साथ ही निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में जिले में 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस लाइन में विभिन्न खेलकूद और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चे खूब बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर इन 10 दिनों में पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन सहित विभिन्न स्थानों पर कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इसी क्रम में बीते दिन पुलिस के शहीदों के योगदान को रेखांकित करते हुए चित्र प्रदर्शनी, वीर शहीद जिन स्कूलों में शिक्षा हासिल किए थे वहां शहीद के वीरता एवं शौर्य की जानकारी से स्कूली बच्चों को अवगत कराया गया। इसी क्रम में शहीद सहायक प्लाटून कमांडर कृष्णानाथ किण्डो जिन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में शिक्षा हासिल किया था जहां उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस लाईन एवं भटगांव स्थित एबी जुबली मेमोरियल स्कूल के छात्रों एवं बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय एकता विषय पर निबंध एवं चित्रकारिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक चित्र के साथ ही सुन्दर निबंध लेखनी देखने को मिली। इन दोनों प्रतियोगिताके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## डीएसपी मुख्यालय ने पुलिस लाईन सूरजपुर का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर ने शनिवार को पुलिस लाईन सूरजपुर का द्वितीय अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जवानों के परेड़ का जायजा लिया एवं उत्कृष्ट परेड़ करने वाले जवानों को पुरस्कृत करने की सिफारिश की। पुलिस लाईन स्थित शस्त्रागार, स्टोर शाखा का जायजा लिया और आर्म्स एम्युनेशन की समय-समय पर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को और दुरूस्त करने के निर्देश दिए। रक्षित केन्द्र के रिकार्ड एवं रोजनामचा का अवलोकन कर प्रधान आरक्षक मोहर्रिर को क्रमानुसार सभी जवानों की ड्यूटी रोटेट कर लगाने के निर्देश दिए।

## राज्योत्सव-2022 तैयारियों का जायजा लेने स्टेडियम ग्राउण्ड पंहुचे पुलिस अधीक्षक सूरजपुर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर में राज्योत्सव 2022 का आयोजन 1 नवंबर को किया जाएगा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारी के साथ स्टेडियम ग्राउण्ड पहुंच कर राज्योत्सव के लिए की जा रही तैयारियो का जायजा लिया। एसडीएम रवि सिंह से पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरे करने, आयोजन स्थल पर अस्थाई पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थापित करने करने के साथ ही फायर बिग्रेड की उपलब्धता सहित सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।